# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VIII | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 24-09-2023 | SET: ONE | Time: 2.30 hours |

***Ge**neral Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **18** questions divided into **4** Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of **4** printed pages.*

## खंड– क (अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न)

**प्र 1-** निर्देश- अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए| **8**

मनुष्य का जीवन संसार के छोटे-बड़े प्राणियों और पदार्थों में श्रेष्ठ माना गया है| वह इसलिए कि मनुष्य बड़ा बुद्धिमान और कल्पनाशील प्राणी है| अपने विचारों के बल पर ही वह जो चाहे कर सकता है और बहुत ऊँचा उठ सकता है| परंतु विचार सच्चे, सादे और पवित्र होने के साथ-साथ मनुष्य के व्यवहारिक जीवन से संबंध रखने वाले होने चाहिएँ| इन्हीं बातों को आधार बनाकर 'सादा जीवन, उच्च विचार' को मानव जीवन की सफलता की सीढ़ी माना गया है| सादगी मनुष्य के पहनावे से नहीं, बल्कि उसके प्रत्येक हाव-भाव, विचार तथा जीवन के ढंग से टपकनी चाहिए| यही वास्तविक सादगी है, विचारों को भी उच्च बनाकर सब प्रकार की उन्नति और विकास का कारण बनती है| संसार का इतिहास इस बात का गवाह है कि आरंभ से ही सादगी पसंद व्यक्ति ही जनता को उच्च विचार देकर उन्नति और विकास की राह प्रशस्त करते आ रहे हैं| महात्मा बुद्ध, संत कबीर, गुरु नानक, महात्मा गाँधी, डॉ राधाकृष्णन, विनोबा भावे आदि इसी तथ्य के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं|

**क-** मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ क्यों माना गया है?

क्योंकि वह सफल है| — क्योंकि वह झूठा और गद्दार है|

क्योंकि वह कठोर और परिश्रमी है| — क्योंकि वह बुद्धिमान और कल्पनाशील है|

**ख-** अपने विचारों के बल पर ही कौन जो चाहे सो कर सकता है?

जल के प्राणी — पक्षी — पशु — मनुष्य

**ग-** उन्नति करने के लिए मनुष्य के विचार कैसे होने चाहिए?

झूठे,ऊँचे और अपवित्र — खोखले और बेबुनियाद

सच्चे, सादे और पवित्र — मोह-माया से युक्त

**घ-** किस महात्मा का नाम अनुच्छेद में नहीं है?

संत कबीर — डॉ राधाकृष्णन — संत तुलसीदास — विनोबा भावे

**ङ-** सादगी मनुष्य के जीवन में किस ढंग से टपकनी चाहिए?

पहनावे में    प्रत्येक हाव-भाव, विचार में    खाने-पीने में    धन में

**च-** मानव जीवन की सफलता की सीढ़ी किसे माना गया है|

झूठे और अपवित्र को    सादा जीवन,उच्च विचार को

मायावी विचारों को    पुलिस के विचारों को

**छ-** वास्तविक सादगी क्या है?

विचारों का ऊँचा और व्यावहारिक होना    विचारों का ऊँचा और खोखला होना

विचारों का नीचा और खोखला होना    विचारों में केवल दिखावा होना

**ज-** संसार का इतिहास किस बात का गवाह है?

सादगी पसंद व्यक्ति ही जनता की राह प्रशस्त करते हैं

स्वार्थी व्यक्ति ही जनता की राह प्रशस्त करते हैं

दिखावा करने वाले व्यक्ति ही जनता की राह प्रशस्त करते हैं

केवल साधु-संन्यासी ही जनता की राह प्रशस्त करते हैं

## खंड– ख (व्याकरण भाग)

प्र 2- उचित स्थान पर अनुस्वार लगाइए-  क- आदोलन    ख- सख्या    1

प्र 3- उचित स्थान पर अनुनासिक लगाइए–क- लड़किया    ख- पहुचना    1

प्र 4-  क. दिए गए शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए-  कोयला    1

ख- इन्हें जोड़कर एक शब्द बनाइए – आ + भ् + उ + ष् + अ + ण् + अ    1

प्र 5- किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए – क- पहाड़   ख-हवा   ग- हाथ    2

प्र 6- किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए-   क- अभि   ख-वि   ग-सु    2

प्र 7- किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए-   क- आवा   ख-नी   ग-इक    2

प्र 8-  क. संधि कीजिए–   A- अधिक + अंश    B- गिरि + ईश    1

ख. संधि विच्छेद कीजिए –  A- वेदांत    B- मतानुसार    1

प्र 9- किन्हीं दो मुहावरों से अलग-अलग वाक्य बनाइए-    2

**क-** आँखों में धूल झोंकना   **ख-** पेट में चूहे कूदना   **ग-** छक्के छुड़ाना

प्र 10- दिए गए वाक्यों को शुद्ध कीजिए–    2

**क-** वह स्त्री को पुरस्कार मिला |    **ख-** राजा दशरथ को चार पुत्र थे l

प्र 11- उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाइए-    2

फातिमा का कहना है  बेशक यह मामला केवल आर्थिक नहीं है

## **खंड-ग** (पाठाधारित प्रश्न)

प्र 12- किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए- **10**

क- पक्षी और बादल क्या करते हैं?

ख- पेड़-पौधे हमें क्या देते हैं?

ग- बदलू चूड़ियों के बदले लोगों से क्या लेता था?

घ- बदलू प्रतिदिन कितनी जोड़ी चूड़ियाँ बनाता था?

ङ- श्रीकृष्ण दूध-दही और मक्खन किसे खिलाते थे?

च- श्रीकृष्ण मक्खन चोरी करने कब जाते थे?

छ- कवि सुख और दुःख को किस भाव से ग्रहण करता है?

ज- कवि किस बात के लिए संघर्षरत रहता है?

झ- 'जहाँ पहिया है' के लेखक कौन हैं?

ञ- 'पुडुकोट्टई' किस राज्य में है?

ट- खेतिहर मज़दूर का क्या अर्थ है?

प्र 13- किन्हीं 6 प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए- **12**

क- पक्षियों और बादल की चिट्ठियों के आदान-प्रदान को आप किस दृष्टि से देख सकते हैं?

ख- मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

ग- दूध की तुलना में श्री कृष्ण कौन-सा पदार्थ अधिक पसंद करते थे?

घ- श्री कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

ङ- कवि क्या तोड़ने की बातें कर रहा है?

च- लोगों के जीवन में कवि क्या बनकर आता है?

छ- साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है?

प्र 14- किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए- **12**

क- पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं?

ख- वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

ग- बालक कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

घ- कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बन कर बह जाना' क्यों कहा है?

ङ- 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

**खंड घ- (रचनात्मक कार्य)**

प्र 15- किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- **5**

क- राष्ट्रीय त्योहार (15 अगस्त)   ख- मेरा प्रिय खेल

प्र 16- अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए| **5**

**या**

अपनी परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए|

प्र 17- दिए गए चित्र का वर्णन लगभग 40-50 शब्दों में कीजिए| **5**



प्र 18- **'इलेक्ट्रिक कार'** पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए| **5**

**या**

**'सोनाली शैंपू'** पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए|

---☺☺☺☺☺---